**प्रेस नोट- जनपद मुजफ्फरनगर**

**दिनांक- 25.04.2025**

## ➢ थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार-

दिनांक 25.04.2025 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री योगेष तेवतिया मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ अभियुक्त अबरार पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी ग्राम नंगला थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को इचौडा मोड के पास से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 बिना नम्बर प्लेट की स्पलैण्डर मोटर साईकिल बरामद किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 90/2025 धारा 109(1),317(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ➢ थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

दिनांक 25.04.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित चौधरी मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 3516/09/2013 मु0अ0सं0 554/2023 धारा 354,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त शाहनवाज पुत्र अजमुदीन निवासी मन्दिर वाली गली मिमलाना रोड थाना कोतवाली नगर हाल पता तामिरे मिल्लत के पीछे, मिमलाना रोड थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया है।

## ➢ थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मारपीट कर वीडियो वायरल करने वाले 04 अभियुक्तगण गिरफ्तार-

दिनांक 25.04.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 206/2025 धारा 191(2),191(3),115(2),352,351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. इस्तकार पुत्र इरषाद 2. अब्दुल कादिर पुत्र जहूर 3. ललित पुत्र सतपाल व 4. कन्हैया

पुत्र कष्मीरा निवासीगण बिलासपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर भोपा रोड मखियाली के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा टप्पेबाजी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड़ 02 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार(01 घायल सहित)-</u>**

दिनांक 24.04.2025 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री देवा सिंह मय हमराहीगण द्वारा टप्पेबाजी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. इमत्याज पुत्र लियाकत निवासी पाली थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर (घायल) 2. तालिम पुत्र खुर्षीद निवासी मुगलपुर नई बस्ती थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ नावला कोठी के पास से घायल/ गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 31700/- रूपये नगद, 01 मोबाईल फोन, 01 ईकोस्पोर्ट (कार घटना में प्रयुक्त) तथा 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 25.04.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री विक्रान्त कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 155/25 धारा 3/5क/8 सीएस एक्ट व 11घ पशु क्रूरता एक्ट में वांछित अभियुक्त सचिन उर्फ कुलदीप पुत्र पवन सिंह निवासी पावटी कलां थाना कैराना, शामली को लोहे के पुल कस्बा खतौली से गिरफ्तार किया गया।